

शक्ति



प्राथमिक विद्यालय
जनपद-फर्रुखाबाद (उ.प्र.)
बाल अधिकार
सम्पर्क सूत्र
Kamalganj, Uttar Pradesh, India
7/66, Jawahar Nagar, Kamalganj, Uttar Pradesh 209749, India
Lat 27.2627861 / Long 79.6302913
Monday 22 September 2025 11:52:57
29A
Google



GPS Map Camera
Fatehgarh, Uttar Pradesh, India
G.i.c Boys Inter College, 01, Near Sp Office, Phoos Banglow Colony, Fatehgarh, Uttar Pradesh 209601, India
Lat 27.359719° Long 79.633342°
22/09/2025 08:58 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Fatehgarh, Uttar Pradesh, India
G.i.c Boys Inter College, 01, Near Sp Office, Phoos Banglow
Colony, Fatehgarh, Uttar Pradesh 209601, India
Lat 27.359692° Long 79.633304°
22/09/2025 08:47 AM GMT +05:30
Google

# फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

**अमर उजाला**

## छात्राएं बिना डरे पुलिस से करें शिकायत



जीजीआईसी फतेहगढ़ में छात्राओं को मिशन शक्ति के पंफलेट देती महिला सिपाही।संवाद

**फर्रुखाबाद।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) में कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला अधिकारियों ने छात्राओं को जागरूक करते हुए मिशन शक्ति की जानकारी दी।

साथ ही कहा कि पुलिस से बिल्कुल न डरें, बेझिझक होकर अपनी बात पुलिस से कहें। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने कहा कि पुलिस हमेशा मित्र बनकर काम करती है। लोगों को पुलिस डरना नहीं चाहिए, खासकर महिलाओं को।

अगर उनके घर या आसपास कोई गलत कार्य हो रहे हों तो महिलाएं बेझिझक होकर पुलिस से शिकायत कर सकती हैं। छात्राओं को कोई अगर परेशान कर रहा है तो उसकी शिकायत पास के पुलिस थाने में जाकर करें। थाने न जा पाएं तो 1090, 112 पर सूचना दें।

उन्होंने छात्राओं को आपात कालीन 1030, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 के बारे में भी बताया। उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। महिला थाना प्रभारी रक्षा सिंह ने कहा कि छात्राएं जागरूक बनें। महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को मिशन शक्ति के पंफ्लेट भी बांटे। प्रवक्ता सर्वेश शाक्य, ज्योति, अर्चना गुप्ता व निर्मला सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

मीडिया सेल फतेहगढ़

# फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

**अमर उजाला**

## महिला पुलिस ने स्कूटी रैली निकालकर किया जागरूक



फर्रुखाबाद मार्ग से निकाली स्कूटी रैली। स्रोत पुलिस

फर्रुखाबाद। मिशन शक्ति 5.0 के तहत रविवार को पुलिस लाइन फतेहगढ़ से स्कूटी रैली निकाली गई। रैली के दौरान महिला पुलिस ने महिलाओं को जागरूक किया।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने झंडी दिखाकर रैली रवाना की।

**मिशन शक्ति के तहत निकाली रैली**

महिला पुलिस की स्कूटी गुब्बारों से सजी थी। कई हाथों में वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन सेवा नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 व बाल सहायता सेवा नंबर 1098 लिखी तख्तियां लेकर चल रही थी। इस दौरान राहगीरों को महिला शिकायत निवारण प्रणाली की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया।

मुख्य मार्गों से होती हुई रैली वापस पुलिस लाइन पहुंचकर समाप्त हुई। एसपी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता फैलाना था। रैली में महिला पुलिस, महिला पीआरवी स्टाफ, एंटी रोमियो टीम व महिला बीट अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार आदि मौजूद रहे। (संवाद)

मीडिया सेल फतेहगढ़

# फतेहगढ़ पुलिस

**अमर उजाला**

## छात्राओं को मिली आत्मरक्षा की जानकारी



रामस्वरुप इंटर कॉलेज जहानगंज में हुए महिला सशक्तिकरण के जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

जहानगंज। महिला सशक्तीकरण के तहत रामस्वरूप इंटर कॉलेज जहानगंज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा, थाना अध्यक्ष राजेश राय, प्रधानाध्यापक गेंदालाल राजपूत व महिला आरक्षी मधु वर्मा व कविता ने छात्राओं को उनके अधिकार बताकर आत्मरक्षा के गुर सिखाए। इसके साथ ही साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए।कार्यक्रम में सीओ अजय वर्मा ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, उन्हें अपने अधिकार और आत्मविश्वास बनाए रखने की जरूरत है। थाना अध्यक्ष राजेश राय ने महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबर साझा करते हुए छात्राओं को किसी भी आपात स्थिति में इन सेवाओं का उपयोग करने को कहा। महिला आरक्षियों ने आत्मरक्षा के सरल उपाय बताए और छात्राओं से हर परिस्थिति में उठाने की अपील की।

मीडिया सेल फतेहगढ़

@fatehgarhpolice @fatehgarhpolice Contact no- 7839856742

# FATEHGARH POLICE

दिनांक - 22.09.2025

आज दिनांक 22.09.2025 को पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ के निर्देशन में साइबर अपराधों के प्रति छात्रों को सतर्क करने और डिजिटल सुरक्षा के महत्व को समझाने के उद्देश्य से कोतवाली कायमगंज पुलिस द्वारा किरन पब्लिक स्कूल कायमगंज में एक साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कर जागरुक किया गया। ।











अपने सामान की
सुरक्षा स्वंय करें
GPS Map Camera
Arrapahadpur, Uttar Pradesh, India
9hx4+w95, Farrukhabad - Aliganj Rd, Bhikampura, Arrapahadpur, Uttar Pradesh 209625, India
Lat 27.399736° Long 79.556172°
22/09/2025 07:51 AM GMT +05:30
Google

